दिनांक–10.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण को दी मंजूरी, 3 करोड़ नये आवास बनाए जाऐंगे।
- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत आज हितग्राहियो को भेजेंगे राशि।
- पेरिस ओलिंपिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती में कांस्य पदक जीता।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के 22 जिलो में तेज बारिश का अनुमान जताय़ा।

केंद्रीय आवास योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल मीडिया को बताया कि इस योजना के तहत तीन करोड़ नये आवास बनाए जाऐंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि इनमें से दो करोड ग्रामीण क्षेत्रों में और एक करोड शहरी क्षेत्रों में बनाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए तीन लाख साठ हजार करोड रुपये का बजटीय प्रावधान होगा।

श्री वैष्णव ने बताया कि योजना के तहत शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने का प्रावधान है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्य आय वर्ग की श्रेणियों में 25 लाख रुपये के आवास ऋण पर 4 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी दी जायेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित स्वच्छ संयंत्र कार्यक्रम को भी मंजूरी दी। उन्होने कहा कि स्वच्छ संयंत्र कार्यक्रम वायरस मुक्त होगा और उच्च गुणवत्ता वाली पौध सामग्री की किसानों तक पहुंच होगी साथ ही इससे उपज बढेगी और किसानों की आय में सुधार होगा।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों के खातों में 1250 रूपये की राशि अंतरित करेंगे। साथ ही रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप लाभार्थी महिलाओं के खातों में 250 रूपये की उपहार राशि भी अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्योपुर जिले के विजयपुर और टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में यह राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओं को आभार-पत्र और उपहार देगें साथ ही राखी भी बंधवाएगें।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत आज प्रदेश की सभी 23 हजार 11 ग्राम पंचायतों एवं 416 नगरीय निकायों में भी वृहद स्तर पर आभार सह उपहार कार्यक्रम होंगे। राज्य सरकार के मंत्री एवं जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सीएम निर्देश/कौशल विकास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए कि हर कॉलेज में कौशल विकास के कोर्स संचालित किये जाने चाहिए और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को जोड़ा जाये। उन्होने कल तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि आमदनी बढ़ाने के लिए कौशल विकास जरूरी है। हर विभाग में इसके लिए योजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र में रोजगार की सम्भावनाओं को तलाश ने पर भी जार दिया और कहा कि ये सुनिश्चित किया जाए कि  हर विकासखण्ड में आईटीआई संचालित हो। कोई भी विकासखण्ड बगैर आईटीआई के न रहे।

डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में जिस तरह के औद्योगिक क्षेत्र हैं, उसके अनुरूप विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों को टेक्सटाइल उद्योग से जोड़ने के लिए आवश्यक प्रबंध करने को कहा।

उन्होने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश भी दिये। बैठक में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जस/पूजापीवर्धन/जाकिर/दीपा/आमिर/182/17

चिकित्सा सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को आपातकालीन चिकित्सा के क्षेत्र में नम्बर वन बनाने के प्रयास किये जायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल एम्स भोपाल में तीन दिवसीय अखिल भारतीय अकादमिक आपताकलीन चिकित्सा सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है। भारत में कोरोना का नि:शुल्क टीका लगाकर एक-एक व्यक्ति की जान बचाने का अभूतपूर्व कार्य हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सम्मेलन में विचारों के मंथन से आपालकालीन चिकित्सा की दिशा में बेहतर कार्य होगा।

सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, एम्स के अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक, कार्यपालक निदेशक अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद थे।

गर्भवती निःशुल्क जाँच अभियान

उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कल श्यामशाह मेडिकल कालेज रीवा से प्रदेश में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच अभियान का शुभारंभ किया। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत हर माह की 9 और 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क जाँच के शिविर सभी अस्पतालों में लगाए जाएंगे। इनमें गर्भवती महिलाओं को जाँच, उपचार, दवा और आने-जाने की सुविधा नि:शुल्क दी जाएगी।

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए रीवा में 20 करोड़ की लागत से भवन बनाया जा रहा है। इसमें कैंसर के उपचार के लिए 29 करोड़ रुपए की लायनेक मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

स्वास्थ्य समीक्षा

केन्द्रीय स्वास्थ्य टीम के वरिष्ठ सलाहकार शिशु स्वास्थ्य डॉ. वैभव रस्तोगी ने कल खण्डवा में सभी स्वास्थ्य एवं कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान की जानकारी ली। डॉ. वैभव दस्तक अभियान सेवाओं में आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सी.एच.ओ. के बेहतर समन्वय पर प्रसन्नता व्यक्त की। डॉ. रस्तोगी ने निर्देश दिये कि जिला चिकित्सालय में बच्चों को और बेहतर सुविधा दें, ताकि शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीयन एलएमपी रजिस्टर के माध्यम से करने के निर्देश भी दिये।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के अलावा डॉ. संजीव दीक्षित, डॉ. कपिल जादोंन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार मौजूद थे। डॉ. वैभव रस्तोगी ने कलेक्टर अनूप कुमार सिंह से भेंट कर जिले में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में चर्चा की।

जल जीवन मिशन समीक्षा

इंदौर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव पी नरहरि की अध्यक्षता आयोजित कि गई। इस बैठक में श्री नरहरि ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलैज एवं मल्टी विलेज योजनाओं एवं कार्यों के क्रियान्वयन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को विस्तृत रूप से दी जाये। उन्होंने प्रत्येक जिले में 15 अगस्त से पूर्व जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित करने और तीन वर्ष एवं 5 वर्ष से प्रगतिरत योजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

श्री नरहरि ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत मैदानी स्तर पर बेहतर कार्य क्रियान्वयन, जन जागरूकता तथा योजना के बेहतर संचालन करने वालों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

पेरिस ओलंपिक-अमन सहरावत

पेरिस ओलिंपिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती में पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सहरावत ने प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज़ को 13-5 से हराया। यह पेरिस ओलिंपिक में भारत का छठा और कुश्ती में पहला पदक है। अमन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। जहां, उन्हें जापान के री हिगुची से हार का सामना करना पड़ा। सहरावत ने अपने अभियान की शुरुआत उत्तरी मैसेडोनिया के व्लादिमीर एगोरोव के खिलाफ 10-0 से जीत के साथ की, जिसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अल्बानिया के ज़ेलिमखान अबकारोव के खिलाफ एक बार फिर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-0 से जीत हासिल की।

अमन ने 21 साल और 24 दिन की आयु में भारत के सबसे कम आयु के पदक विजेता बनने के पी.वी सिंधु के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत के पास अब पेरिस ओलिंपिक में पांच कांस्य पदक और एक रजत पदक है।

मौसम

प्रदेश में मानसून ट्रफ लाइन की वजह से 22 जिलों में शनिवार को तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने श्योपुर और शिवपुरी में भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।

शनिवार को जिन 22 जिलों में तेज बारिश होने का अनुमान है, उनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, नीमच, मंदसौर, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, अनूपपुर, मऊगंज और सतना शामिल हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- बैतूल में शिल्पकार, मनोनयन मेला □ ज □ योजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तथा सांसद श्री दुर्गादास उईके शामिल होगे।
- हर घर झंडा अभियान के तहत □ गरमालवा जिले की □ जीविका समूह महिलाओं द्वारा झंडा शपथ का □ योजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने समूह महिलाओं को तिरंगा शपथ दिलाई।
- विश्व □ दिवासी दिवस बड़वानी में रैली निकाल कर एक सभा का □ योजन किया गया।
- मुरैना में भारत सरकार द्वारा स्व निधि से समृद्धि योजना के तहत हितग्राहियों के परिवार जनों को □ ठ जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री □ वास योजना के दूसरे चरण को दी मंजूरी, 3 करोड़ नये □ वास बनाए जाऐंगे।
- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत □ ज हितग्राहियो को भेजेंगे राशि।
- पेरिस ओलिंपिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती में कांस्य पदक जीता।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के 22 जिलो में तेज बारिश का अनुमान जताया।

....................................